





## एक नजर में

### ट्रक में ले जाई जा रही 70 लाख की 350 पेटी अवैध विदेशी शराब पुलिस टीम ने पकड़ी



**नाहरगढ।** मंदसौर पुलिस थाना नाहरगढ द्वारा एक अंतर्राज्यीय शराब तस्करो से ट्रक मे भरी 550 पेटी अवैध विदेशी शराब जप्त की। म.प्र. शासन के आदेशानुसार प्रदेश मे चल रहे नशा मुक्ति अभियान तहत विनोद मीणा पुलिस अधीक्षक मंदसौर द्वारा दिये गये निर्देशो के तारतम्य में टी एस बघेल अति. पुलिस अधीक्षक मंदसौर एवं कीर्ति बघेल एसडीओपी मंदसौर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नाहरगढ निरीक्षक वरुण तिवारी व उनकी टीम द्वारा एक ट्रक मे से 550 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब जप्त की घटना दिनांक 19.03.2026 को थाना नाहरगढ पर पदस्थ सउनि कन्हैयालाल यादव को द्वारा मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए नापाखेडा बिल्लोद रोड पर मल्हारगढ तरफ से सीतामउ8 लेन जाने के लिये ट्रक क्रमांक त्नछ्व-36-ङ्क-4253 में अवैध शराब ले जायी जा रही है जिसे फोर्स की मदद से नाकाबंदी कर पकड कर तलाशी लेते मक्का के बोरो के आड में ट्रक मे 550 अंग्रेजी अवैध शराब की पेटीया भरी होना पाई गई बाद शराब को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपी भरत रेबारी पिता गोगन रेबारी उम्र 32 साल निवासी वनाडा तहसील रणावा जिला पोरबंदर गुजरात। जप्तशुदा मश्रुका 550 पेटी अंग्रेजी शराब किमती 70 लाख रुपये। घटना मे प्रयुक्त वाहन ट्रक क्रमांक - त्नछ्व 36 ङ्क 4253 किमती 10 लाख रुपये। सराहनिय कार्य थाना प्रभारी नाहरगढ निरीक्षक वरुण तिवारी, सउनि कन्हैयालाल यादव, प्रआर 608 दिलावर सिंह, आर 311 महेंद्र सिंह, आर 310 विक्रम सिंह, आर13 विजयपाल, आर 349 राजीव सिंह, आर चालक 411 लियाकत मेव का सराहनीय योगदान रहा।

### सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान ने रंगोली सजाकर गुड़ी स्थापित की



**मन्दसौर।** सरस्वती विहार शैक्षिक संस्थान मंदसौर ने गुड़ी पड़वा प्रतिपदा नववर्ष पर श्री कृषिपति बालाजी मंदिर, अफीम गोदाम चौराहा को रंगोली से सजा कर गुड़ी स्थापित की गई। सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी एवं सैनिक स्कूल के प्राचार्य श्री अविनाश चतुर्वेदी के द्वारा गुड़ी पूजन किया गया। इस अवसर पर भारतीय शिक्षण समिति के सचिव श्री अशोक पारीख एवं सहसचिव व सरस्वती विहार के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा ने सभी को गुड़ी पड़वा एवं नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी। चौराहे पर महाविद्यालय व सैनिक विद्यालय के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे और सभी ने सूर्य को अर्क देकर मंगलकामनाये की और रास्ते से निकलने वाले लोगों को चन्दन से तिलक कर मिश्री, काली मिर्च व नीम मिश्रित प्रसाद देकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी।

## मंदसौर में आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ भारतीय नववर्ष का अभिनंदन

- पशुपतिनाथ मंदिर में हुआ भव्य 'विक्रमोत्सव' और सूर्य उपासना



**मंदसौर।** मालवा की पावन नगरी मंदसौर के सुप्रसिद्ध श्री पशुपतिनाथ मंदिर बालाजी परिसर में आज भारतीय नव संवत्सर 2083 के शुभागमन पर श्रद्धा और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिला। विश्वगीता प्रतिष्ठानम् उज्जैन और मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस 'विक्रमोत्सव' ने संपूर्ण वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। अलसुबह जब सूर्य की प्रथम किरणें धरा पर उतरीं, तब मंदिर परिसर में सामूहिक सूर्य उपासना और पारंपरिक अनुष्ठानों के साथ नवीन वर्ष का अभिनंदन किया गया।

ब्रह्म मुहूर्त में प्रात: 5 बजे से शुरू हुए इस गरिमामय आयोजन की शुरुआत मंगल तिलक और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। दीप प्रार्थना के पश्चात वैदिक रीति-रिवाज से ब्रह्मध्वज का रोहण किया गया, जो विजय और धर्म की ध्वजा के रूप में आकाश में लहराया। देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत श्वंदे मातरमश् के गान के साथ कार्यक्रम आगे बढ़ा, जिसके बाद संस्कृत पाठशाला के बटूकों ने अपने ओजस्वी मंत्रोच्चारण से स्वस्तिवाचन और संकल्पवाचन किया। शंखनाद की गूँज और ब्रह्मनाद के बीच उपस्थित श्रद्धालुओं ने सूर्य उपासना और सूर्य नमस्कार कर प्रकृति और परमात्मा के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। आयोजन के दौरान भारतीय काल-गणना की वैज्ञानिकता और इसके ऐतिहासिक महत्व पर विशेष प्रकाश डाला गया। विश्वगीता प्रतिष्ठानम् के पदाधिकारियों ने सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित करने के पश्चात पंचांग पूजन संपन्न किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने विस्तार से बताया कि कैसे हमारी सनातन परंपराएं और विक्रम संवत की गणना खगोलीय दृष्टि से सटीक और प्रासंगिक है। कल्याण मंत्र और आरती के साथ वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया, जहाँ हर नागरिक ने लोक-कल्याण की कामना की। इस आयोजन ने न केवल भारतीय नववर्ष की परंपरा को जीवंत किया, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होने का सुअवसर भी प्रदान किया।

इस महत्वपूर्ण आयोजन को सफल बनाने में विश्वगीता प्रतिष्ठानम् के जिला संयोजक सुरेश कुमार शर्मा और जिला सप्तोत्सव प्रमुख कविता चौहान सहित मानसिंह चौहान, धर्मपालसिंह देवड़ा, भोला भारती सोनी और जितेन्द्र गोड़ ने सक्रिय भूमिका निभाई। साथ ही शशि झलौया, सरोज शर्मा, लक्ष्मी धाणक, कौशल्या शर्मा, रानू दीदी, कौशल्या पाठक और मधुसुदन पाठक की गरिमामयी उपस्थिति रही। संस्कृति विभाग की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी टेरेसा मिंज, राहुल शर्मा और अर्चना दवे ने कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संपन्न कराया।



## एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**मन्दसौर।** उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के अंतर्गत एनएसएस इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का दूसरे दिन ग्राम मोहम्मदपूरा (मैनपुरिया) के पंचायत भवन में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह शिविर 23 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर की थीम 'प्राकृतिक खेती खुशहाल जीवन' है। राष्ट्रीय सेवा योजना के इस शिविर का आज का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समुदाय में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देना था।

शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वास्थ के महत्व पर प्रकाश डाला। शिविर की शुरुआत एक जानकारीपूर्ण सत्र के साथ हुई, जिसमें डॉ. राकेश शर्मा ने अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के महत्व के बारे में बताया। संतुलित आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित व्यायाम और सामान्य बीमारियों की रोकथाम जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि अच्छा स्वास्थ्य एक उत्पादक और सुखी जीवन के लिए आवश्यक है।

कार्यक्रम के अंतर्गत एक स्वच्छता अभियान भी चलाया गया, ताकि स्वच्छ वातावरण बनाया जा सके। स्वयंसेवकों ने सड़कों, विद्यालय परिसर और जल स्त्रोतों सहित सार्वजनिक स्थानों की सफाई की, जिससे बीमारियों के प्रसार को रोका जा सके। उन्होंने लोगों को स्वच्छ पेयजल और उचित स्वच्छता के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। यह कार्यक्रम उद्यानिकी महाविद्यालय, मंदसौर के अधिष्ठाता डॉ. दीपक हरे रानडे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंत में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री प्रदीप तुरुकमाने ने स्वयंसेवकों के प्रयासों की सराहना को और समुदाय को स्वस्थ आदतों को निरंतर अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया द्य उन्होंने जोर देकर कहा कि जागरूकता और रोकथाम ही एक स्वस्थ समाज की कुंजी है।

**एक नजर** — उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने पशुपतिनाथ मंदिर में सूर्य उपासना कर ब्रह्मध्वज स्थापित किया

## 'सम्राट विक्रमादित्य' पर आधारित भव्य नाट्य प्रस्तुति का हुआ मंचन

**मंदसौर।** विक्रम संवत् 2083 के शुभारंभ के अवसर पर मंदसौर स्थित पशुपतिनाथ मंदिर परिसर (आराधना हॉल) में प्रात: 10:00 बजे भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सूर्य उपासना कर विधिवत ब्रह्मध्वज की स्थापना की। भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में भगवान पशुपतिनाथ की आरती में भाग लिया, स्वयं आरती कर पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया, संत श्री महेशमणि चैतन्य महाराज, जनपद अध्यक्ष श्री बसंत शर्मा, श्री मदनलाल राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल एवं एसडीएम शिवलाल शाक्य सहित बड़ी संख्या में नागरिक एवं पत्रकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ जेके जैन एवं आभार डिप्टी कलेक्टर रोहित



राणा द्वारा माना गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य उपासना से हुई, जिसके पश्चात ब्रह्मध्वज स्थापित किया गया। यह आयोजन भारतीय नववर्ष वर्ष प्रतिपदा (गुड़ी पड़वा) के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं मध्यप्रदेश नाट्य विद्यालय के सहयोग से 'सम्राट विक्रमादित्य' विषय पर भव्य नाट्य प्रस्तुति का मंचन किया गया, जिसे उज्जैन की परिष्कृती सामाजिक सांस्कृतिक संस्था द्वारा प्रस्तुत किया गया। नाट्य प्रस्तुति में विक्रमादित्य के जीवन, बेताल पच्चीसी, 32 पुतली सिंहासन, शकों पर विजय, नवरत्न, उनकी वीरता एवं न्यायप्रियता का प्रभावशाली मंचन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान 'भारत का नववर्ष विक्रम संवत' विषयक पुस्तिका का वितरण भी किया गया, जिससे आमजन भारतीय परंपराओं एवं नववर्ष के ऐतिहासिक महत्व को समझ सकें।

उप मुख्यमंत्री श्री देवड़ा ने अपने संबोधन में वर्ष प्रतिपदा की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा इस परंपरा को पुनर्जीवित करते हुए प्रत्येक जिला मुख्यालय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से आमजन को भारतीय संस्कृति एवं इतिहास की समृद्ध विरासत से परिचित होने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी के लिए नववर्ष को मंगलमय, सुखद एवं प्रदेश व देश के लिए कल्याणकारी होने की कामना की।

# नीमच

## एक नजर में

### नववर्ष एवं आर्य समाज स्थापना दिवस मनाया



**नीमच।** आर्य समाज नीमच पं. रामचन्द्र देहलवी मार्ग (घण्टाघर के पास) पर दिनांक 19 मार्च को हर्षोल्लास के साथ आर्य समाज स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सह आयुक्त नारकोटिक्स श्री राजेश जी पारिख ने वेद मंत्र की व्याख्या करते हुए नववर्ष क्यों माया जाता है, विषय पर अपने उद्बोधन में कहा कि संसार में सभी को परस्पर मित्र भाव से रहना चाहिए। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता श्री प्रेमसिंह परिहार ने आर्य समाज की स्थापना विषय में कहा कि आर्य समाज की स्थापना महर्षि दयानंद ने समाज सुधार के कार्यों के लिए की है और आर्य समाज समाज सुधार के लिए जो आंदोलन सफल रहे हैं। आर्य समाज के द्वारा किए गये कार्यों से समाज में परिवर्तन-बदलाव देखने को मिल रहा है। आर्य समाज एक आंदोलन का नाम है। कार्यक्रम के प्रारंभ में आचार्य मनोज स्वर्णकार द्वारा मंगलाचरण, ईश प्रार्था, स्वस्तीवाचन के साथ विशेष मंत्रों के साथ यज्ञ करवाया गया। शांति पाठ के साथ नीम रस पिलाकर प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर सुति सोनी, सरिता शर्मा, राजेश पारिख, सुरेशचन्द्र शर्मा, मनोज स्वर्णकार, राजेन्द्र शर्मा, गजेन्द्रसिंह शक्तावत, चन्द्रप्रकाश शर्मा, भेरूसिंह शक्तावत, प्रेमसिंह परिहार, भगवतीप्रसाद बैरवा, मुकेश मेघवाल, प्रमोद जायसवाल, दिलीप भाटी, मुदिता भाटी, अथर्व शर्मा, महावीर भाटी आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

### सत्यनारायण जी पराशर द्वारा लॉयंस क्लब नीमच के माध्यम से देहदान करने का संकल्प लिया गया

**नीमच।** पीड़ित मानवता की सेवा को समर्पित लॉयंस क्लब्स इंटरनेशनल प्रान्त 3233 ई 2 की शाखा लायन्स क्लब नीमच की वैश्विक पहचान नेत्रदान एवं देहदान के रूप में स्थापित हो चुकी है। क्लब के माध्यम से अब तक 55 देहदान और 2730 जोड़े नेत्रदान सम्पन्न हो चुके हैं। 50 से अधिक देहदान घोषणा के संकल्प पत्र स्थानीय एवं आंचलवासियों ने लायन्स क्लब नीमच के माध्यम से देहदान करने के लिए प्रस्तुत किए हैं। देहदान घोषणा कर्ताओं की फ़ेहरिस्त में एक और नाम जुड़ा है बंगला नम्बर 46, नीमच निवासी श्री सत्यनारायण जी पराशर पिता स्व. श्री जौहरीलाल जी पाराशर का, जिन्होंने क्लब सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा, क्लब कोषाध्यक्ष लायन महेंद्र त्रिवेदी, नेत्रदान देहदान संयोजक लॉयन रिखब गोपावत, लायन अमरजीत सिंह वधवा, पूर्व संभागीय अध्यक्ष एम जे एफ लायन योगेश पंत, सकल ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष एडवोकेट श्री दिलीप जी शर्मा, श्री गजेन्द्र जी शर्मा (कोकू), श्री देवेन्द्र जी गौड़ की उपस्थिति में लॉयंस क्लब नीमच के माध्यम से मरणोपरांत अपनी देह को श्री वीरेंद्रकुमार सखलेचा मेडिकल कॉलेज, कनावटी-नीमच को मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के शोध एवं गहन अध्ययन हेतु दान में देने की घोषणा का संकल्प पत्र प्रदान किया। क्लब अध्यक्ष लॉयन सुनील शर्मा, सचिव लायन गुरमुखसिंह छाबड़ा, नेत्रदान देहदान संयोजक लॉयन रिखब गोपावत, आभार समिति संयोजक लॉयन बाबूलाल गौड़ ने देहदान घोषणा कर्ता श्री सत्यनारायणजी पाराशर का हार्दिक आभार प्रकट करते हुए दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## नीमच में बनेगा एयरपोर्ट, एयर स्ट्रीप रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत इन्हें विकसित किया जाएगा

- विधायक दिलीप सिंह परिहार के प्रयास ला रहे रंग, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की नीमच में एयरपोर्ट बनाए जाने की घोषणा







हेमेन्द्र चिंटू शर्मा

**नीमच।** प्रदेश का सीमावर्ती जिला नीमच को राज्य सरकार की ओर से हाल ही में एक और बड़ी सौगात मिली है। नीमच जिले के मुख्यालय पर सालो से बनी हवाई पट्टी को पायलट प्रशिक्षण रन वे में तब्दील करने के बाद अब नीमच की हवाई पट्टी पर जल्द एयर पोर्ट के रूप में विकसित किया जायेगा। इसे एयर स्ट्रीप रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत इन्हें विकसित किया जाएगा।

मध्यप्रदेश विमानन नीति-2025 से यह संभव हो सका है। प्रदेश में 4 नए एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं। नीमच का एयरपोर्ट राजस्थान के उदयपुर और प्रदेश की औद्योगिक राजधानी इंदौर के इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच निर्मित होगा। नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार ने इस बात की जानकारी देते हुवे बताया की नीमच जिले के लिए यह एक बड़ी उपलब्धि है। जिस तरह मध्यप्रदेश में हवाई सेवाओं का तेजी से विस्तार हो रहा है। उसको लेकर पूर्व में प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री मोहन जी यादव से चर्चा की गई थी और प्लान बनाया गया था। ऐसे में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा से रायपुर हवाई सेवा का वर्चुअली शुभारंभ करते हुए प्रदेश में 4 नए एयरपोर्ट बनाए जाने की घोषणा की है। जिसमे नीमच में भी एयरपोर्ट बनाने की सौगात जिले को मिली है।

### विधायक दिलीपसिंह परिहार ने की लगातार विकासशील पहल

झांझरवाड़ा रोड़ पर स्थित हवाई पट्टी पर पॉयलेट ट्रैनिंग स्कूल को लेकर भी नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार के पुरजोर प्रयास देखने को मिले थे। इसी क्रम में नीमच हवाई पट्टी के अन्नयन एवं हवाई पट्टी पर पॉयलेट ट्रैनिंग स्कूल की शुरूआत करने हेतु पट्टी का सीमांकन कराने और आसपास बाउंड्रीवॉल बनवाने को लेकर विधायक परिहार द्वारा पत्राचार के माध्यम से सीएम शिवराज सिंह चौहान से मांग की गई थी। जिसके बाद नीमच में पायलट ट्रेनिंग सेंटर स्थापित हुवा। अब विधायक श्री परिहार के अथक प्रयासों से ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा से प्रदेश में 4 नए एयरपोर्ट बनाए जाने की घोषणा की जिसमे नीमच में भी एयरपोर्ट बनाने की सौगात जिले को मिली है। राज्य सरकार द्वारा नीमच जिले को दी गई इस सौगात के बाद तमाम लोगों में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश में अभी 8 एयरपोर्ट हैं। शीघ्र ही उज्जैन और शिवपुरी का एयरपोर्ट प्रारंभ होने पर संख्या 10 हो जाएगी। प्रदेश में कुल 20 हवाई पट्टियां और 220 हेलीपैड हैं। उन्होंने बताया कि नीमच, शहडोल, छिंदवाड़ा और मंडला में भी एयरपोर्ट बनेंगे। एयरस्ट्रीप रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत इन्हें विकसित किया जाएगा। प्रदेश में जहां पीएमश्री एयर एंबुलेंस सेवा प्रारंभ की गई वहीं धार्मिक पर्यटन हेली सेवा भी प्रारंभ की गई हैं।

### विदेशी यात्राएं भी हों सकेगी शुरू

उदयपुर और इंदौर के बीच स्थित सबसे बड़ी और सबसे पुरानी इस हवाई पट्टी को दोनों इंटरनेशनल एयरपोर्ट से भी जोड़ने के प्रयास भी किये जायेंगे। रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम के अंतर्गत इस पर उड़ान भरने वाले विमानों की कनेक्टिविटी अब देश भर के एयरपोर्ट से भी जोड़ी जा सकती है।

### सौगात हुई बड़ी उपलब्धि में तब्दील

नीमच की हवाई पट्टी जहाँ पर देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पहली महिला प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, पं. अटल बिहारी वाजपेयी के अलावा भाजपा कांग्रेस के कई दिग्गज नेतागण इस हवाई पट्टी पर उतरे है जो कि यहाँ की हवाई पट्टी का रनवे काफी लम्बा और व्यस्थित होने के कारण बड़े नेताओं की पसंदीदा हवाई पट्टी रही है।

## नगर के प्रमुख समाज सेवी घनश्याम विजयवर्गीय का निधन, गणमान्यजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**मनासा।** विजयवर्गीय समाज मनासा के आधारस्तंभ व पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जनसंघ, भाजपा के नींव के पत्थर व वरिष्ठ कार्यकर्ता, मिसाबंधु, वरिष्ठ अधिवक्ता घनश्याम विजयवर्गीय का 17 मार्च को उपचार के दौरान 90 वर्ष में निधन हो गया।

वे कुछ समय से अस्वस्थ थे। उनके निधन की खबर से नगर में शोक छा गया। आप नगर की कई धार्मिक, सामाजिक संस्थाओं से जुड़े होने के साथ ही विराट व्यक्तित्व के साथ स्पष्टवादिता के साथ सादगीपूर्ण जीवन व्यतीत करते थे। उनके निधन पर भारतीय जनता पार्टी ने उनके पार्थिव शरीर को सम्मान सहित भाजपा ध्वज ओढ़ा कर श्रद्धांजलि दी। लोकतंत्र सेनानी होने पर राज्य शासन की ओर से उनको पुलिस द्वारा गॉड ऑफ ऑनर दिया गया साथ ही विधायक माधव मारू सहित तहसीलदार मुकेश निगम ने उनके



पार्थिव शरीर को पुष्प चक्र के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बुधवार को कोर्ट परिसर स्थित उनके निवास स्थान से अंतिम यात्रा निकली जिसमें बड़ी संख्या में सभी वर्ग के नागरिक, अधिवक्ता, समाजजन शामिल थे।

मोक्ष धाम पर उनके पुत्र पीयूष व अरविंद (शिक्षक) पौत्र परिवारजनों ने भारी मन से उनके पार्थिव शरीर को पवित्र अग्नि को समर्पित करते हुवे पंच तत्व में विलीन किया।

**एक नजर** — नीमच में कोटि सूर्योपासना कार्यक्रम सम्पन्न, जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का हुआ शुभारंभ

## मुख्यमंत्री ने हमारी परम्पराओं को जागृत करने का प्रयास किया है : सखलेचा

**नीमच।** विक्रम संवत् से भारतीय संस्कृति, परम्पराए शुरू होती है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी परम्पराओं को जागृत करने का अनुकरणीय प्रयास किया है। सभी को विक्रम संवत् नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं। यह बात जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने गुरूवार को जिला प्रशासन द्वारा टाउनहॉल नीमच में आयोजित विक्रमोत्सव 2026 के तहत कोटि सूर्योपासना, सूर्य उपासना एवं जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस मौके पर नीमच विधायक श्री दिलीप सिह परिहार, कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल, सांसद प्रतिनिधि श्री आदित्य मालू, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव सहित



जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

विधायक श्री सखलेचा ने अपने उदबोधन में कहा, कि जावद, नीमचकी प्रेशर युक्त गांधी सागर से सिंचाई परियोजना स्वीकृत हो गई है और उसके टेण्डर की कार्यवाही अगले माह होकर, कार्य प्रारंभ हो जाएगा। इस योजना से क्षेत्र के हर खेत को सिंचाई का पानी मिलेगा। यह योजना क्षेत्र की हरियाली खुशहाली समृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

विधायक नीमच श्री दिलीप सिह परिहार ने कहा, कि प्रधानमंत्री जी व मुख्यमंत्री जी ने वर्ष 2047 तक देश, प्रदेश को विश्वगुरू बनाने का संकल्प लिया है। उन्होने कहा, कि नवर्ष के अवसर पर हमें प्रकृति के संरक्षण, प्रकृति से प्रेम करना सीखे, कुओं, बावडियों और जल संरचनाओं का संरक्षण करें। विधायक ने नववर्ष पर सभी से समाज के कमजोर वर्ग के लोगो तक शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने का संकल्प लेने का आव्हान किया।

प्रारंभ में अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कोटि सूर्योपासना कार्यक्रम एवं पीपल के पौधे की पूजा अर्चना कर जिला स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया। तदपश्चात एडीएम श्री बी.एस.कलेश, एसडीएम श्री संजीव साहू, जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस.एम.मांगरिया, श्री विनोद एक्का, सीएमओ श्रीमती दुर्गा बामनिया ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर भव्य सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था उज्जैन के नाटक दल द्वारा सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रीत नाटक का मंचन किया। डॉ. रूद्र आचार्य एवं श्रीमती कीर्ती प्रामाणिक ने नाट्य मंचन का निर्देशन किया, जिसे उपस्थित जनसमुदाय ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन मंजूलाधीर एवं प्रो. संजय जोशी ने किया।